# जागरण: गुना: अशोकनगर: शिवपुरी: राजगढ़: ब्यावरा: उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com • चाचौड़ा • राघौगढ़ • मुंगावली • चंदेरी • पोहरी • कोलारस • जीरापुर • सारंगपुर • बड़नगर • नागदा भोपाल, 21 अप्रैल 2025


## न्यूज कार्नर

### 30 अप्रैल को परशुराम जयंती मनाएगा ब्राह्मण समाज

ब्यावरा। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 30 अप्रेल को भगवान परशुराम जयंती समारोह मनाया जाएगा। जयंती की पूर्व संध्या पर शहर में वाहन रैली निकाली जाएगी। जबकि जयंती के दिन सुबह चल समारोह निकाला जाएगा। यह फैसला सर्व ब्राह्मण समाज ब्यावरा की बैठक में लिया गया। शनिवार शाम को शहर के अंजनीलाल मंदिर रोड पर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में समाज अध्यक्ष बालकिशन शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में जयंती चल समारोह की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां बांटी गई। बैठक में आपसी विचार और विमर्श के बाद तय किया कि, जयंती के मौके पर 30 अप्रेल को सुबह 8.30 बजे से शहर के बसस्टैंड के पास स्थित मां वैष्णोदेवी मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। यह शहर के प्रमुख मार्गों से होकर दोपहर 12 बजे कार्यक्रम स्थल परशुराम मंदिर पहुंचेगा। जबकि पूर्व संध्या पर 29 अप्रेल को शाम 5 बजे परशुराम मंदिर से ही शहर में वाहन रैली निकाली जाएगी। बैठक में समाज अध्यक्ष बीके शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष गिरराज शर्मा, दीपक नायक, बृजेश त्रिर्वेदी, अजय दीक्षित, आदित्य भार्गव, मुरारीलाल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### चोरों ने 9 कुओं से चोरी की पानी की मोटरें

**ब्यावरा।** देहात के पीपलहेड़ा गांव में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। जहां नौ कुओं में से अज्ञात चोर एक साथ 11 कृषि सिंचाई पंप चुराकर ले गए। घटना के बाद से ग्रामीण अपने कृषि सिंचाई पंपों की सुरक्षा को लेकर चिंतित बने हुए हैं। ग्रामीणों ने रविवार सुबह थाने पहुंचकर अलग- अलग आवेदन दिए हैं। पुलिस के अनुसार, पीपलहेड़ा गांव में बड़ी संख्या में हो रही संतरा के पौधों की सिंचाई के लिए ग्रामीणों अपने कुंओं में कृषि सिंचाई पंप डाल रखे हैं। इनमें से शनिवार-रविवार की रात अज्ञात चोर एक साथ 9 अलग- अलग कुंओं में उतरकर उनमें डली 11 मोटरें चुराकर ले गए।

# काशीखेड़ी में सक्रिय रहे मुख्यमंत्री डॉ. यादव मांगलिक समारोह में पहुंच दिया आशीर्वाद





**जागरण, ब्यावरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्राम काशीखेड़ी में आयोजित विधानसभा खिलचीपुर के विधायक हजारी लाल दांगी के पोते अजय दांगी के आर्शीवाद समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्हों ने नव-युगल को सुखद वैवाहिक जीवन की गुलदस्तास भेंट करके शुभकामना दीं। इस दौरान प्रदेश सरकार के राज्यं मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्यस्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, सासंद रोडमल नागर, विधायक अमर सिंह यादव, विधायक मोहन शर्मा एवं जिला विकास, समन्व्य समिति सदस्य ज्ञान सिंह गुर्जर एवं स्थायनीय नागरिक भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री की सादगी के कायल हुए लोग

रविवार को विधायक हजारीलाल दांगी के पोते की शादी में नव दाम्पत्य को आर्शीवाद देने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सादगी के कायल वहां मौजूद लोग हुए। सभी ने उनकी सराहना की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विधायक के गृह ग्राम काशीखेड़ी में उत्साह का माहौल था। मुख्यमंत्री वर-वधु को आर्शीवाद देकर अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

### जिलेभर के जनप्रतिनिधि हुए शामिल

रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन को लेकर बड़ी तदात में जिले के जनप्रतिनिधि काशीखेड़ी पहुंचे, जहां उन्होने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। लंबे समय तक जिले के प्रभारी मंत्री रहे मुख्यमंत्री श्री यादव का जिले के आम कार्यकर्ताओं से सीधा नाता है। उन्होंने समारोह में शामिल सभी जनप्रतिनिधियों से रूबरू मुलाकत भी की।

# आईपीएल के ड्रीम-11 में चमकी पवन की तकदीर

## टीम बनाकर जीते 1 करोड़ पांच लाख रुपए



**जागरण, ब्यावरा**



आधी-आधी राशि प्रदान की। गांव में खुशी का माहौल

भगवान जब देता है तो छप्पर फाड़ के देता है यह कहावत शनिवार को उस समय चरित्रार्थ हुई जब आईपीएल में राजस्थान रॉयल और लखनऊ के बीच खेले गए मुकाबले में ड्रीम-11 टीम का चयन कर काचरी गांव के युवा ने 1 करोड़ पांच लाख की राशि जीतने में सफलता प्राप्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार एबी रोड़ स्थित ग्राम काचरी निवासी पवन नाथ पिता स्व. श्री मांगीलाल नाथ ग्राम की बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में सहायक के पद पर पदस्थ है किक्रेट और आईपीएल के शौकिन पवन ने शनिवार को अपने ड्रीम-11 टीम में खिलाडीयों का चयन कर 1 करोड़ 5 लाख की राशि जीतने में सफलता प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि ड्रीम-11 स्कीम में सफलता प्राप्त करने वाले लोगों को 2 करोड़ 10 लाख की राशि बतौर पुरूस्कार दी जाती है। शानिवार को ड्रीम-11 स्कीम में देश से 2 प्रतिभागी सफल हुए जिस पर आईपीएल प्रबंधन द्वारा दोनों विजेता प्रतिभागियों को आधी-आधी राशि प्रदान की। गांव में खुशी का माहौल




साधारण ग्रामीण परिवार में जन्मे पवन नाथ के पिता का स्र्वगवास 2004 में हो गया था 9 वीं तक की शिक्षा प्राप्त कर पवन काम करने लगा था। आईपीएल ड्रीम-11 में इतनी बड़ी राशि जितने पर पवन व उनके परिजनों की खुशी का ठीकाना नहीं है। वहीं ग्रामीणों ने भी पवन की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

**क्या है ड्रीम-11 स्कीम**

आईपीएल में ड्रीम-11 में आप एक टीम बनाकर रियल मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंक अर्जित करते है। आप को एक टीम में 11 खिलाड़ियों को चुनना होता है प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग-अलग क्रेडिट प्वांट होते है। टीम का प्रदर्शन उन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर निर्भर करता है जिन्हें आपने चुना है। टीम बनाने के लिए 100 क्रेडिट प्वांइट का उपयोग करके 11 खिलाड़ियों की टीम बनानी होती है। टीम में विकेट कीपर, बल्ले बाज, ऑलरॉउडर चुनना होता है।

**ग्राम काचरी में बैंक ऑफ इंडिया में पदस्थ है पवन**

## पखवाड़े के रूप में मनाई जा रही डॉ. अंबेडकर और फुले जयंती

# डॉ. अंबेडकर और ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष्य में जाटव समाज का चल समारोह आज

**जागरण, ब्यावरा**



राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले एवं राष्ट्र निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी जयंती नवयुवक जाटव समाज द्वारा संयुक्त रूप से पखवाड़े के रूप में मनाई जा रही है। इस उपलक्ष्य में जाटव समाज द्वारा 21 अप्रैल सोमवार को ब्यावरा में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़े के रूप में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दौरान सुबह 10 बजे जिलेभर से समाजबंधु जाटव समाज धर्मशाला में शामिल होकर नगर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। आयोजकों ने चल समारोह की भव्य तैयारियां की हैं। साथ ही बाबा साहब के चल समारोह में शामिल होने के लिए समाज के लोगों को गांव-गांव जाकर प्रेरित किया जा रहा है। वहीं लोगों द्वारा आयोजन में आर्थिक सहयोग भी किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारी एवं समाजसेवी व वरिष्टजनों द्वारा प्रतिदिन गांव गांव जाकर संपर्क कर रहे हैं। वहीं चल समारोह को लेकर युवाओं में जोश एवं उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार को समिति द्वारा मोया सहित कई गांव में समाज के लोगों से सम्पर्क किया। इसमें सभी ने बढ़चढ़कर शामिल होने की बात कही है।

### 25 गांवों में एक साथ चलाया श्रमदान का महाअभियान

**राजगढ़।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एक-एक जल संरचना का जीर्णोद्धार कर उनमें बरसात के पानी एवं सतही पानी को सहेजने की कवायद की जा रही है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा इस कार्य में व्यक्तिगत रूचि ले रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश पर रविवार को जिले के 25 गांवों में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा उनके अधीनस्थ अमले ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ अमले एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए श्रमदान का अभियान चलाया गया। फलस्वरूप ये जल संरचनाएं आगामी बरसात के सीजन में एक-एक बूंद जल सहेजने के काबिल बन सकी। महाअभियान के तहत ग्राम मेहराजपुरा, बटेरिया, दोगडा, पडलिया, चिबडकलां, चाठा, रावतपुरा, डोबी, डालूपुरा, धामनिया, नारायण घटा, मंगलपुरा, भीलाखेड़ी, महुआबे, माधवपुरा, सुवाहेडी, सादलपुर, आदि गांव में तालाब, कुएं एवं बावडियों में श्रमदान किया।

## आग बुझाने में झुलसे लोगों के हाथ और गाल, जानकारी लेने गांव पहुंचे विधायक मोहन शर्मा

# शार्ट-सर्किट से लगी आग में खाक हुआ लाखों का सामान

**जागरण, कुरावर**



पास के गांव ग्राम कांकरिया मीना में शनिवार शाम साढ़े सात बजे किसान व भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण पचवारिया के घर के बाहर शॉर्ट सर्किट होने आग लग गई। आग की चपेट में घर के बाहर खड़े चार पहिया वाहन और पास में ही दुकान में रखें गेहूं, लहसुन, मोबाइल सहित घर का लाखों रूपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना मिलते हैं कुरावर थाना प्रभारी संगीता शर्मा, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी मौका स्थल पर पहुंचे थे कुरावर नगर परिषद से फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीण जनों की सहयोग से लगभग 1 घंटे में आग पर काबू पाया गया। इस दौरान वहीं पर मौजूद युवा मोर्चा के जिला मंत्री अशोक मीणा के हाथ व गाल झुलस गए। वहीं घटना की जानकारी रविवार को सुबह विधायक मोहन शर्मा को मिली तो वह दोपहर 3 बजे के करीब ग्राम काकरियां मीना पहुंचे और घटना की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों से पीड़ित परिवार से दूरभाष पर मदद करने के बाद भी कहीं एवं पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का विश्वास भी दिलाया।

### विद्युत लाइनों का नहीं मेंटेनेंस, होते रहते हैं शॉर्ट सर्किट

वहीं दूसरी तरफ नगरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस नहीं है जिसके कारण उनकी ऊंचाई 5 से 6 फीट जमीन से रह चुकी है अधिकतर झूलते तारों के कारण शॉर्ट सर्किट होता है तो उसे आज जानी की कई घटनाएं घट चुकी है विद्युत विभाग को चाहिए कि वह समय रहते अपने विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस करें जिससे कि इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# मेघवाल समाज ने बाबा साहब का चल समारोह निकालकर मनाई डॉ अंबेडकर जयंती

**जागरण, राजगढ़**



मेघवाल जांगड़ा समाज कोर कमेटी राजगढ़ द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले व भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में चल समारोह निकाल कर आमसभा का आयोजन किया गया। चल समारोह अंबेडकर भवन बांसखेड़ा रोड से प्रारंभ होकर शिवाजी बाजार पुराना थाना शिमला स्टैंड राजगढ़ चौराहा होते हुए अंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंचा। जहां जुलूस में शामिल सभी व्यक्तियों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम रखा। जिनमें प्रमुख रूप से विधायक अमरसिंह यादव ने भी उपस्थित होकर माल्यार्पण किया। चल समारोह में सैकड़ों युवा जय भीम का जयकारा करते हुवे चल रहे थे। चल समारोह का कई जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आमसभा में सामाजिक चेतना शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात समाज जनो के समक्ष रखते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने सामाजिक चेतना बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### प्यासे मुसाफिरों के लिए ने किया प्याऊ का शुभारंभ

**सारंगपुर।** रेलवे स्टेशन पर श्याम परिवार के साथ निश्शुल्क प्याऊ का शुभारंभ करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। गर्मी के इस मौसम में प्यासे मुसाफिरों के लिए यह प्याऊ सेवा न सिर्फ एक नेक कार्य है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक भी है। इस तरह की सेवा सभी नागरिको को करना चाहिए, वही पक्षियों के लिए भी अपने-अपने घरो के बाहर पानी की व्यवस्था करना हरेक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हम सब मिलकर ऐसे जनसेवा के कार्यों को करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करें। यह बात रविवार सुबह सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी को देखते हुए श्री श्याम परिवार सारंगपुर द्वारा लगाए गए निशुल्क पानी की पियाऊ का शुभारंभ करते हुए तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने व्यक्त की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर श्याम परिवार के अध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा ने कहा कि प्याऊ में पूरी गर्मी जल की कमी आने नहीं दी जाएगी। इस मौके पर श्याम परिवार के अध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा एवं सदस्य महेश पाटीदार, जितेंद्र मालवीय, प्रकाश सोनी, मनीष सोनी, अंशुल पुष्पद, आदित्य शर्मा, पेंशनर संघ अध्यक्ष एलएन त्रिकार, हुसैन काजी मौजूद रहे।

## खनोटा में सौंधिया राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

# 101 नवयुगल एक-दूसरे का हाथ थामकर हुए हमसफर

**जागरण, सुठालिया**



अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज संगठन द्वारा ब्यावरा ब्लॉक का विवाह सम्मेलन ग्राम खनोटा में रविवार रात में संपन्न हुआ। जिसमें 101 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थाम कर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। विवाह सम्मेलन का शुभारंभ गोधूलि बेला में ध्वज पूजन के साथ किया गया। इसमें मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान समाज के संगठन पदाधिकारी व सम्मेलन समिति मौजूद रही। समाज के मीडिया प्रभारी सुनील सिंह सरावत ने बताया कि, फिजूलखर्ची रोकने व के उद्देश्य से समाज संघटन द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन 1987 से शुरू हुआ जो हर साल जिले के प्रत्येक ब्लॉक में आयोजित किया जाता है। खनोटा में आयोजन समिति ने बालिग वर वधुओं का ही पंजीयन किया। मध्य रात्रि में पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। इस दौरान समाज के मार्गदर्शक मंडल के हरि सिंह चौहान धामन्दा, जिलाध्यक्ष नारायण सिंह सालरियाखे ?ी, प्रदेश महासचिव संजय सिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, जगदीश पंवार, शिव सिंह बामलाबे, कनीराम पंवार, ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान, बनेसिंह पंवार, कमलसिंह सलेपुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्याऊ का शुभारंभ किया

**ब्यावरा।** जनमानव सेवा के लिए कृत संकल्पित नगर की जीवन सार्थक संस्था द्वारा भीषण गर्मी के दौर में नगर के मध्य स्थित श्री बालाजी मंदिर पर राहगीरों के लिए शीतल, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया, जो अप्रैल माह से लेकर जून तक सुचारू रूप से संचालित रहेगी। इस अवसर पर संस्था सदस्यों नीतू गुप्ता, गीता जैन, मुक्ता गुप्ता, मंगला गुप्ता, अन्नू जैन, रीता अग्रवाल, रुचि बड़ोने, पुष्पा पंवार, मोना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल द्वारा राहगीरों को शीतल जल पिलाकर प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

### शादी समारोह में खाना बनाने गए हलवाई की हार्ट अटैक से मौत

ब्यावरा। चौतरा गांव में एक शादी समारोह में खाना बनाने गए हलवाई की हार्टअटैक से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, ब्यावरा के हलवाई कमलसिंह पुत्र नारायणसिंह राजपूत 55 साल ग्राम चौतरा में रविवार को आयोजित हो रहे एक शादी समारोह में खाना बनाने गए थे। जहां बीती रात करीब 9 बजे अचानक से उनके सीने में तेज दर्द हुआ। साथी कर्मी उन्हें तुरंत ब्यावरा सिविल असपताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# धूल खा रहीं नप द्वारा सब्जी बाजार के लिए आरक्षित दुकानें, सड़क पर लग रही भीड़

**जागरण, पचोर**



सब्जी बाजार के लिए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पंडित अशोक शर्मा के कार्यकाल से ही लगभग 19,20 दुकानदारों के लिए सरकारी स्कूल के पीछे जेडी मार्केट के किराए पर टीन सेट बनाकर दुकान में आवंटित की गई थी, लेकिन यह दुकान कोविड के दौरान से बंद हो गई। तत्पश्चात परिषद ने कोई ध्यान नहीं दिया। वर्तमान में दुकान यूं ही पड़ी हुई हैं। इसके अलावा दैनिक सब्जी बाजार बीच सड़कों पर संचालित हो रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर में नगर परिषद द्वारा टीन सेट बनाकर एक आकृति में व्यापार से लगाकर पक्की दुकानें सब्जी विक्रेता को आवंटित की गई थीं। इन दुकानों का संचालन करीब 5-7 साल के लिए सब्जी विक्रेताओं के द्वारा किया गया, लेकिन कोविड के बाद बंद हुई दुकान आज भी आरक्षित जगह को यूं ही पड़ी हुई है । इन दुकानों के यहां दो सौर ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइट भी लगाई गई थी, यह दोनों खंबे और लाइट है दोनों गायब हो चुके हैं। वर्तमान में संपूर्ण सब्जी बाजार दैनिक खरीदी का अब रोड पर मिडिल स्कूल के सामने एवं पुराने बस स्टैंड पर और उससे आगे थाने के यहां संचालित किया जा रहा है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि हमें अपना धंधा सड़क पर संचालित करना पड़ रहा है। नगर परिषद से इस बारे में अनेक मर्तबा ध्यान दिलाया लेकिन आरक्षित जगह पर सब्जी बाजार संचालित करने में वर्तमान परिषद उपेक्षित रहे को प्रतीत कर रही है।

## न्यूज कार्नर

### चौधरी का निधन



जागरण महिदपुर। जगोटी कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष रहे स्व. रामसिंह काका चौधरी की पुत्र वधू एवं विक्रमसिंह चौधरी की धर्मपत्नी आशा बाई चौधरी 52 का लंबी बीमारी के बाद रविवार सायं निधन हो गया,उनकी अंतिम यात्रा कबीर चौराहे से निकली जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों व समाजजनों ने भाग लिया। मुखाग्नि पुत्र राहुल व सुजीत चौधरी ने दी।

### गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाकर की जल मंदिर की शुरुआत




जागरण उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में रविवार को पिपलीनाका स्थित सरकारी अस्पताल के सामने तपती हुई गर्मी में जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य अतिथि सुभाष सोनी, रजनी सोनी, भगवान शर्मा, विशिष्ट अतिथि किशोर कुमार भाटी, मिलिंद देवड़ा एवं लीलाधर भाटी के नेतृत्व में जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। जिससे लोग तपती गर्मी में शुद्ध एवं ठंडा जल पीकर गर्मी से राहत पा सकें। कार्यक्रम में विशेष तौर पर श्याम महेश्वरी, आनंद पुरोहित, अमित नागर, रवि मूले, सुरेश शाह, दिनेश रावल सहित मंडल के पदाधिकारी गण मौजूद थे। अंत में नागरिकों को जल पिलाकर जल मंदिर का की शुरुआत की गई।

### निरंकारी सत्संग भवन पर लगेगा रक्तदान शिविर

जागरण उज्जैन। सतगुरु माता सुदीक्षाजी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमितजी के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निरंकारी मिशन के पूर्व मार्गदर्शक बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस मनाया जाएगा, इस उपलक्ष्य में विश्व के लगभग 500 स्थानों पर होने वाले विश्वव्यापी रक्तदान शिविरों की श्रंखला का भी शुभारंभ होगा। उज्जैन के जोनल इंचार्ज राजकुमार गंगवानी ने बताया कि युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही उनके महान जीवन से प्रेरणा हेतु 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस पर उज्जैन के हाइवे स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर सुबह 10 बजे से रक्तदान शुरू हो जायेगा। स्थानीय मुखी त्रिलोक बेलानी ने बताया कि बाबा गुरवचन सिंह जी ने सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया; साथ ही समाज उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया जिनमें सादा शादियां, नशामुक्ति एवं युवाओं को खेलो के प्रति प्रेरित किया। समाज में व्याप्त कुरितियों के उस दौर के उपरांत बाबा हरदेव सिंह जी के प्रेरक संदेश 'रक्त नाड़ियों में बहे, न कि नालियों में' द्वारा सभी श्रद्धालुओ को एक नई सकारात्मक दिशा मिली।

# छुट्टियों के कारण महाकाल में भक्तों की भीड़... दो दिन में ढाई लाख ने किए दर्शन

## महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण राज्यों के श्रध्दालुओं की संख्या अधिक- महाकाल क्षेत्र में गड़बड़ाई आवागमन व्यवस्था



**जागरण उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में छुट्टियों के चलते भक्तों की संख्या बढ़ गई है। पिछले दो दिनों में महाकाल में करीब ढाई लाख भक्त दर्शन के लिए आए। आज सुबह भी चलित भस्म आरती से लेकर सामान्य दर्शनार्थियों की संख्या अधिक नजर आ रही थी। एक दिन पहले भी महाकाल मंदिर के आसपास मार्गों पर जाम जैसी स्थिति थी और महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण राज्यों के श्रध्दालुओं का अधिक आगमन हो रहा था।

उल्लेखनीय है कि महाकाल महालोक निर्माण के बाद से महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार, रविवार को छोडकर शेष दिनों में भी 60 से 70 हजार श्रध्दालु प्रतिदिन महाकाल के दर्शन करते रहे हैं। वहीं शनिवार, रविवार और सोमवार को प्रतिदिन का आंकड़ा डेढ़ लाख के पार रहता है, लेकिन एक दिन पहले शनिवार तथा रविवार को दो दिनों में लगभग ढाई लाख से अधिक श्रध्दालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंचे हैं।

भस्म आरती की सीटें अभी भी फुल चल रही है और आज सुबह भी चलित व्यवस्था के जरिए 5 हजार से अधिक भक्तों ने भस्म आरती के दर्शन किए हैं। इधर महाकाल में गर्मियों की छुट्टियां शुरु होने के बाद एक बार फिर महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण राज्यों के श्रध्दालुओं की संख्या बढ़ गई है। कल भी हरसिध्दि चारधाम के बीच स्थित पार्किंग और नृसिंह घाट पहुंच मार्ग पर महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण राज्यों की बसें अधिक नजर आ रही थी।

सुबह से ही महाकाल के आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की संख्या अधिक नजर आ रही थी और भीड़ भी उमड़ रही थी। छुट्टियों के कारण महाकाल में श्रध्दालुओं की संख्या बढने से महाकाल पहुंच मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। इन मार्गों पर ई-रिक्शा, ऑटो चालक जगह-जगह झुंड में खड़े रहकर जाम की स्थित बना रहे हैं। रविवार सुबह से इन मार्गों पर आवागमन बाधित हो रहा था।

महाकाल में भीड़ के कारण आज सुबह इंदौर-उज्जैन बायपास मार्ग से लेकर हरिफाटक ब्रिज तक वाहनों की भरमार थी और जाम की स्थिति बन रही थी।

### बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह ने किये महाकाल दर्शन

इधर रविवार सुबह सुप्रसिद्ध गायक अरिजीत सिंह उज्जैन पहुंचे और उन्होंने यहां महाकालेश्वर भगवान की भस्मार्ती के दर्शन किए। इसके उपरांत अरिजीत सिंह ने महाकालेश्वर भगवान का पूजन-अर्चन किया।मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा भगवान महाकालेश्वर की भस्म आरती में शामिल होकर उन्हें अलौकिक अनुभव के प्राप्ति हुई।

# ईसा मसीह के पुनः जीवित होने की खुशी में आज सुबह गिरजा घरों में हुई प्रार्थना

## ईस्टर संडे पर ऋषि नगर स्थित चर्च में जुटे मसीह समाजजन - तीन घंटे हुई प्रार्थना सभा



**जागरण उज्जैन।** क्रिश्चन समाज द्वारा रविवार को ईसा मसीह के पुनः जीवित होने की खुशियां मनाई गई। ईस्टर संडे के अवसर पर तडके ऋषि नगर स्थित गिरजा घर में विशेष प्रार्थना की गई और धार्मिक आयोजन किए जा रहे थे।

उल्लेखनीय है कि ईस्टर संडे को प्रभु यीशु के पुनर्जन्म के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर उज्जैन के चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं। आज ईस्टर संडे पर विशेष रूप से ऋषिनगर स्थित चर्च में, तडके 3:30 बजे से तीन घंटे तक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के बाद सुबह 6:30 बजे चर्च की परिक्रमा की गई। ऋषिनगर स्थित चर्च में ईस्टर संडे को मनाने के लिए आधी रात से ही क्रिश्चन समाज के लोग एकत्र होने लगे थे। धर्मगुरु ने बताया कि आज तडके 3:30 बजे से तीन घंटे तक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल लोग ने प्रभु यीशु के जीवन, बलिदान और पुनरुत्थान पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रार्थना की। प्रार्थना सभा के बाद रविवार सुबह 6: 30 बजे सभी ने चर्च की परिक्रमा की गई, जो कि ईस्टर संडे की एक पारंपरिक गतिविधि है।

उन्होंने बताया कि ईस्टर संडे के दिन ईसा मसीह को मृत्यु के तीन दिन बाद पुनः जीवित होने के रूप में मनाया जाता है और इस दिन प्रभु के पुनर्जन्म की खुशी में ईसाई समुदाय के लोग चर्च में जाते हैं, प्रार्थना करते हैं और ईस्टर की खुशी मनाते हैं।

# पुलिस के पहरे के बाद कलालियों पर शराब लेने के लिए लगने लगी लाइन

### 4 दिन पहले शराब दुकानों के बाहर बैठकर शराब पी रहे लोगों के खिलाफ पुलिस ने दिखाई थी सख्ती

**जागरण उज्जैन।** 1 अप्रैल से धार्मिक शहर उज्जैन की नगर निगम सीमा में शराब की दुकानें पूरी तरह बंद कर दी गई है। इसके बाद से सीमा के बाहर की शराब दुकानों पर शराब पीने वालों की भीड़ उमड़ रही है और वहीं सडक़ पर बैठकर शराब पीने के चार दिन पहले वीडिओ वायरल हुए थे। इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई थी। अब इन दुकानों पर लाईन में लगकर लोग शराब खरीद रहे हैं और घर ले जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर की सीमा में शराब बंदी के बाद दायरे के बाहर की शराब दुकानों पर भीड़ उमडने़ लगी है।

आगर रोड़, इंदौर रोड़ सहित अन्य बाहरी मार्गों पर शराब की दुकनों के बाहर सडक़ पर लोगों ने शराब पीना शुरु कर दिया था। इसका वीडिओ वायरल होने के बाद एसपी प्रदीप शर्मा ने सख्ती से पुलिस बल भेजकर वहां से शराबियों को हटाने की कार्रवाई की थी। इसके बाद उन्होनें शराब की दुकानों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगा दी थी। इसके चलते अब शराब दुकानों पर शराब खरीदने के लिए बकायदा लोग लाईन लगा रहे हैं और शराब खरीद रहे हैं। पुलिस के कारण लोग कलाली के बाहर बैठकर शराब नहीं पी रहे हैं।

# समाज जनों द्वारा भक्ति आस्था और समर्पण के साथ मनाई पुण्य सम्राट की पुण्यतिथि

**जागरण महिदपुर।** महिदपुर रोड़ श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर परिसर स्थित श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में परम पूज्य साध्वी श्री सुपार्श्व निधि जी म सा आदि साध्वीवृदं की पावनकारी निश्रा में रविवार सुबह भक्तांबर गुरु गुण इक्कीसा के पाठ के साथ मंगल दिवस का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्रातः 9:00 बजे गुरु गुण स्मृति एवं गुरु वधामणा का आयोजन किया गया गुरु प्रतिमा को अक्षत एवं पुष्पों से लाभार्थी अजय कुमार आशीष कुमार चौरडिया परिवार द्वारा सुमधुर संगीत के साथ वधामणा किया गया।

पूर्ण सम्राट की आरती का लाभ श्रीमती संगीता विनोद कुमार पोरवाल द्वारा लिया पूज्य साध्वी जी ने कहा कि पुण्य सम्राट साक्षात वचन सिद्ध एवं भक्तों के लिए भगवान समान थे। उन्होंने अपना सारा जीवन संघ और समाज के लिए निस्वार्थ भाव से समर्पित कर दिया उनके द्वारा किए गए सात कार्यों को संघ और समाज



सदैव याद रखेगा । यतिंद्र ज्ञानपीठ परीक्षा का पुरस्कार वितरण अतिथि श्रीमती संगीता पोरवाल राष्ट्रीय महामंत्री के द्वारा प्रदान किए गए दोपहर में जयंत सेन सुरी अष्टप्रकारी पूजन महिला एवं बहू परिषद द्वारा सुमधुर संगीत के साथ पढ़ाई गई जिसका लाभ अशोक कुमार हिमांशु कोचर परिवार द्वारा लिया गया।तत्पश्चात गोगापुर गौशाला में गौ माता की सेवा हरा चारा एवं खल का आहार करवा कर महिला एवं बहू परिषद द्वारा की गई संध्या को पूज्य साध्वी जी महाराज साहब की निश्रा में सुमधुर भजनों के माध्यम से परमात्मा की भक्ति, गरबा एवं नृत्य के माध्यम से की गई रात्रि में 8:00 बजे परमात्मा एवं गुरुदेव की आरती का विशेष आयोजन समाज जनों द्वारा किया गया।

साधार्मिक भक्ति एवं प्रभावना का लाभ श्रीमान सुनील कुमार शुभम कुमार मुणत परिवार द्वारा लिया गया जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरडिया ने सफलतम आयोजन के लिए समाज के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया इस मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ समाज के सभी वरिष्ठ महानुभाव नवयुवक महिला बहु तरुण बालिका परिषद में उपस्थित होकर गुरु के प्रति समर्पण एवं आस्था भाव को प्रकट किया। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# उज्जैन के उद्यानों की हालत खराब... अधिकांश अनदेखी के शिकार

**जागरण उज्जैन।** उज्जैन के उद्यानों की हालत इन दिनों खराब होती जा रही है। देखरेख के अभाव में पुराने और नए शहर के अधिकांश उद्यान अपनी सुंदरता और पहचान खोता जा रहे है। ज्यादातर उद्यानों में लगाए गए झूले पूरी तरह से टूट चुके हैं, जिनके कारण बच्चों के जख्मी होने का खतरा रहता है, कुर्सियां भी टूटने की कगार पर ही हैं, कई उद्यानों में लगाए गए लाइटिंग फाउंटेन भी बंद है, इनमें असामाजिक तत्वों के कब्जे हैं। यहां झाडियां उग रही है।

शहर में 200 से ज्याद पुराने उद्यान हैं। जिनकी देख रेख नहीं होने के कारण हालत और भी खराब हो चुकी है। योगेश्वर टेकरी, कालिदास उद्यान, तरणताल के समीप श्रीबालोद्यान, दशहरा मैदान का उद्यान, वेद नगर उद्यानों में लगी फिसलपट्टी से लेकर झूले और बच्चों के मनोरंजन के साधन टूट-फूट गए हैं तथा खतरनाक स्थिति में पहुंच गए हैं।

इसके कारण यहां फिसलने वाले और झूलने वाले बच्चे चोटिल हो रहे हैं। इसके अलावा सीसा, झूले, चकरी सब टूट चुके हैं। इनको सुधारने की सुध कोई नहीं ले रहा। यहां व्यायाम की मशीनें भी लगी हैं, हालांकि इनमें से कुछ चालू हालत में हैं, बाकी खराब हो चुकी है। कई उद्यानों में डस्टबिन भी लगे हैं, तो कचरे से पूरी तरह भरे हुए हैं। इनको समय पर खाली तक नहीं किया जा रहा। चामुंडा माता चौराहा स्थित उद्यान में लाइटिंग फाउंटेर भंगार स्थिति में पहुंच गए हैं।

किसी समय शाम को यह चलाया जाता था, लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं हो रहा। उद्यानों में लगे पुतले और प्रतिमाएं भी टूट रहे हैं। हालत यह है कि कालिदास उद्यान, छत्रीचौक का जीवाजीराव उद्यान में तो कचरा तक नहीं उठ रहा है।

यही हालत चामुंडा माता चौराहे के सामने वाले उद्यान की है। उद्यानों में कचरा उठवाने की बजाय चौकीदार और सफाईकर्मी वहीं उनमें आग लगा रहे हैं। जिससे पेड़ पौधे और घांस तक जल गई है।

# सोहबत का असर हो रहा है : डॉ. सुखवानी



**जागरण उज्जैन।** बेटी का ब्याह हो गया, हो रही विदा, रोका बहुत खुद को अधीर हो गया प्रबोध मिश्र हितैषी बड़वानी से आकर ग़ज़लांजलि साहित्यिक संस्था की काव्य-गोष्ठी में अपने गीतों की मिठास घोलते रहे। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में डॉ. विजय सुखवानी ने ग़ज़ल पढ़ी सोहबत का असर हो रहा है, हर गाँव हर शहर हो रहा है...।

भारतीय रेल में अपनी सेवाएं दे रहे शैलेश मिश्र ने जज़्बा ही जीत का आधार है, मन के हारे हार है... कविता पढ़ी तो उनकी सुपुत्री आरोही ने भी कविता पाठ किया। डॉ. आर.पी. तिवारी ने नदी की विशेषताओं को कुछ इस तरह कविता में बाँधा के सभी वाह कह उठे, मैंने रोज़ ही देखा है नदिया को चुपचाप बहते, पर कभी नहीं सुना है, किसी से कुछ कहते...।

आज की गोष्ठी में एक और अतिथि पूर्व लोकायुक्त मीना भट्ट सम्मिलित हुईं उन्होंने ग़ज़ल मेरे इस दिल पर किसी हुस्न का कब्ज़ा न समझ, ग़म से बेज़ार हूँ ज़ुल्फों में उलझा न समझ... पढ़ी। व्ही. एस. गहलोत साकित ने अश्कों की दास्ताँ मेरे यार सुनो, दर्द देता है ग़मगुसार सुनो... पढ़ी। सत्यनारायण सत्येन्द्र ने क्षणिका दिन पर दिन, रात पर रात बीतती जाती, हम भ्रम पाले सब कुछ भुलाते जाते... सुनाई तो डॉ. अखिलेश चौरे ने छोटी सी ज़िन्दगी की दास्ताँ बड़ी रही, ग़म साथ ही रहे खुशी अलग खड़ी रही... ग़ज़ल सुनाई।

प्रफुल्ल शुक्ला ने एक साथी एक हमदम उसे ढूँढू कहाँ, मैं भटकता रहा राही बनकर ढूंढता सारा जहाँ... कविता पढ़ी। आशीष अश्क ने ग़ज़ल अब नहीं मिलते हैं छूने को चरण, रंज ये होता है पापा हर सहर में... पढ़ी। गोष्ठी में दिलीप जैन, अशोक रक्ताले, विनोद काबरा एवं रामदास मेढ़ेकर समर्थ ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। आभार ज्ञापन अक्षय चवरे द्वारा किया गया।

# अर्जी वाले हनुमान पर गूंजी सुंदरकांड की चौपाईयां

## अब हर शनिवार सुंदरकांड के साथ होंगे भजन, कीर्तन, पूर्णाहुति पर होगी महाप्रसादी



**जागरण उज्जैन।** बड़नगर रोड़ स्थित मोहनपुरा में अर्जी वाले हनुमान मंदिर पर भव्य सुंदरकांड का आयोजन हुआ। भजन कीर्तन, नृत्य के साथ संगीतमय सुंदरकांड संपन्न हुआ। महाआरती के साथ महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया।

वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंदपुरीजी पुरीजी महाराज के सानिध्य में टीना बेन पटेल लंदन परिवार द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। स्वामीजी ने कहा कि अब प्रति शनिवार अर्जी वाले हनुमान पर दोपहर 2 बजे से सुंदरकांड का आयोजन होग। शाम 7 बजे पूर्णाहुति, महआरती के साथ ही महाप्रसादी का आयोजन होगा। प्रति शनिवार को होगा।

महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंदपुरीजी पुरीजी महाराज के अनुसार विगत दिनों अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरीजी महाराज द्वारा सिंहस्थ क्षेत्र में पक्के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया था। जिसके बाद से निर्माण कार्य प्रारंभ हो गए हैं, अर्जी वाले हनुमान पर 50 कमरों का महाकाल भक्त निवास, 50 कमरों का हरसिध्दि भक्त निवास एवं 50 कमरों का गणेश भक्त निवास जल्द ही अपना आकार लेगा। अर्जी वाले हनुमान मंदिर परिसर में महामृत्युंजय भगवान भी विराजे हैं, जहां महामृत्युंजय के जाप देश विदेश के भक्तों द्वारा कराये जा रहे हैं। महारूद्राभिषेक, महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन भी प्रतिदिन होता है। वेदपाठी विद्यार्थियों के लिए अर्जी वाले हनुमान में गुरूकुल चल रहा है। अब हर शनिवार संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा जो भक्त भजन, कीर्तन, नृत्य के साथ संगीतमय सुंदरकांड कराना चाहते हैं वह अर्जी वाले हनुमान मंदिर कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# प्रसिद्ध पार्श्वगायिका साधना सरगम ने किया श्री जी हवेली मारवाड़ी रिटोरेंट का शुभारंभ




**जागरण उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु महाकाल मंदिर के दर्शन करने के लिए आते हैं जिनकी सुविधाओं को देखते हुए उज्जैन को एक और नई श्री जी हवेली मारवाड़ी रिटोरेंट की सौगात मिली है। मुंबई से उज्जैन आई सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका साधना सरगम का महाकाल चौराहे पर ज्योतिष आचार्य श्रीमती नंदनी जोशी द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

उज्जैन आगमन पर साधना सरगम ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। होटल संचालक मीनाक्षी ललित वासु ने जानकारी देते हुए बताया कि महाकाल दर्शन के बाद सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका साधना सरगम ने शहर के महाकाल चौराहा स्थल पर स्थित श्री जी हवेली मारवाड़ी नामक भव्य रिटायरेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुंबई से विशेष रूप से पधारीं साधना सरगम ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महाकाल की इस पावन नगरी में आकर उन्हें अद्भुत शांति और आनंद की अनुभूति हो रही है। उन्होंने 卐श्री जी हवेली मारवाड़ी के स्वादिष्ट भोजन की भी जमकर तारीफ की और कहा कि यहां का खाना न केवल स्वादिष्ट है बल्कि इसमें मां अन्नपूर्णा और लक्ष्मी मां का आशीर्वाद भी समाहित है। उन्होंने विश्वास जताया कि शहरवासी इस भोजन का आनंद उठाएंगे और यह रिटोरेंट खूब तरक्की करेगा। इसी दौरान मुंबई से आई साधना सरगम का रेस्टोरेंट संचालक द्वारा महाकाल की तस्वीर एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया।

रिटोरेंट की मुख्य संचालिका मीनाक्षी ने साधना सरगम के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यहां आना उनके लिए बहुत ही सम्मान की बात है। उन्होंने शहरवासियों से निवेदन किया कि वे श्री जी हवेली मारवाड़ी आएं और यहां की उत्कृष्ट भोजन व्यवस्था का लाभ उठाएं। इस रिटोरेंट की एक खास बात यह है कि यहां सभी की पसंद का ध्यान रखा गया है। यहां जैन समाज और मारवाड़ी समाज के लोगों के लिए विशेष रूप से बिना लहसुन प्याज का सात्विक भोजन भी उपलब्ध है। यह भोजन साक्षात प्रभु महाकाल के आशीर्वाद से परिपूर्ण है, जिसे ग्रहण कर हर कोई धन्य महसूस करेगा। इस भव्य शुभारंभ के अवसर पर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। सभी श्री जी हवेली मारवाड़ी के स्वादिष्ट व्यंजनों का अनुभव करने के लिए उत्सुक दिखे। इस मौके पर ज्योतिष आचार्य श्रीमती नंदनी जोशी, अंजली शर्मा, दीपा वासवानी, गरिमा बोहरा, विजयलक्ष्मी आदि लोग उपस्थित थे।

# महाराष्ट्रीयन सारस्वत ब्राहमण समाज न्यास का हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन



**जागरण उज्जैन।** महाराष्ट्रीयन सारस्वत ब्राह्मण समाज न्यास उज्जैन द्वारा 20 अप्रैल रविवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें चैत्र गौरी हल्दी कंकू, वरिष्ठ सदस्य सम्मान, विद्यार्थी सत्कार, विशेष उपलब्धी सत्कार समारोह आयोजित किया गया। साथ ही वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।

मिलिंद पन्हालकर के अनुसार महाकाल सिंधी कॉलोनी स्थित महाराष्ट्रीयन सारस्वत ब्राह्मण समाज न्यास भवन में मेधावी विद्यार्थी अक्षदा वर्धे, कनिष्का कवठेकर, विशेष उपलब्धि सम्मान ध्रुव अनिल केकरे, वरिष्ठ सदस्य सम्मान दिगंबर वेंगुर्लेकर, दिलीप केकरे, शरद केकरे, सुषमा शशिकांत किल्लेदार को प्रदान किया गया। सभी को श्रीकांत मांजरेकर, सुधीर वेंगुर्लेकर, मिलिंद पन्हालकर, उल्लास मांजरेकर, धर्मेन्द्र किल्लेदार द्वारा सम्मानित किया गया।

# मुमुक्षु मौलिकभाई गांधी के युगप्रधान प्रव्रज्या पर्व में निकला रजवाड़ी वर्षीदान वरघोड़ा

## मुमुक्षु मौलिक भाई का संसार त्याग यानी भौतिक सुख सामग्री का हमेशा का त्याग : जैनाचार्य जिनसुंदरसूरि



**जागरण उज्जैन।** अहमदाबाद निवासी मुमुक्षु मौलिकभाई गांधी के युगप्रधान प्रव्रज्या पर्व के चौथे दिन 20 अप्रैल रविवार को रजवाडी वर्षीदान वरघोडा बड़े उपाश्रय से निकाला गया। जो छोटा सराफा, कंठाल चौराहा, कोयला फाटक होता हुआ महाकाल परिसर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुआ।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य श्री जिनसुंदरसूरि धर्मबोधिसूरि महाराज ने कहा कि मुमुक्षु मौलिक भाई का संसार त्याग निमित्त भव्य वरघोड़ा (जुलूस) निकला। जैनों में यह वरसीदान का वरघोड़ा के नाम से प्रसिध्द है। इस वरघोड़े में संसार त्यागी मुमुक्षु अपने दोनों हाथों से पैसे जैसी कई सारी चीजों का उदार मन से त्याग करते दिखते हैं और अपने मन के भावों को प्रदर्शित करते हैं कि यह भौतिक चीजों पर मेरा ममत्व खत्म हो गया है। पैसा, बंगला, गाड़ी, जमीन, जायदाद तो यह भव में ही छोड़कर जाना है, परलोक में ये कुछ भी काम नहीं लगने वाला है। मेरी आत्मा की उन्नति तो अन्य जीवों को प्यार करने से, उनके दुख को दूर करने से, सभी जीवों का शाता देने से मिलने वाली है। इसीलिये मुमुक्षु उदारतापूर्वक सबकों अपने हाथों से दान भी करते हैं। दीन दुखी जीवों के दुख को मुमुक्षु दूर तो करते ही हैं। लेकिन लाखों करोड़पति संतप्रेमी लोग भी संसार त्यागी मुमुक्षु के हाथों से अक्षत (चावल), बादाम, सिक्के जैसी चीजों को ग्रहण करते हैं और मन में भाव करते हैं कि प्रभु, जिस प्रकार मुमुक्षु ने पूरे संसार को छोड़ दिया उस प्रकार मैं भी यह दान में मिली वस्तु के प्रभाव से पूरे सांसर को त्याग कर सकुं। पूज्य अचार्यश्री ने वरसीदान का महत्व समझाया और मुमुक्षु के हाथों से मंगल रूप एक चांदी का सिक्का संतप्रेमियों ने ग्रहण किया। रात को श्री अवंति पार्श्वनाथ मंदिर में भव्य महाआरती की गई।

## न्यूज कार्नर

### दुल्हन युवक के साथ भागी, 30 को है शादी

**जागरण, शिवपुरी।** अमोला में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां 30 अप्रैल 2025 को होने वाली शादी से पहले दुल्हन किसी दूसरे युवक के साथ चली गई। इस घटना के बाद लड़की का परिवार भी घर में ताला लगाकर गायब हो गया है। झांसी निवासी शंकरलाल वंशकार ने अपने बेटे विशाल का विवाह अमोला की एक युवती से तय किया था। उन्हें जानकारी मिली कि युवती किसी और के साथ चली गई है। इस घटना के बाद दूल्हे के पिता ने शिवपुरी एसपी कार्यालय में आवेदन दिया है। शंकरलाल ने कहा कि वे अब इस परिवार से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहते। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में युवती या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी होने पर उनका परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। सगाई के समय लड़की पक्ष ने दूल्हे को एक मोटरसाइकिल और 11 हजार रुपये नगद दिए थे। गोदी रस्म में एक सोने की अंगूठी, चांदी की पायल और 2100 रुपये भी दिए गए थे। दूल्हे का परिवार यह सारी सामग्री वापस करने को तैयार है।

### जितेंद्र बने श्री हनुमंत सेना के राष्ट्रीय महामंत्री



**जागरण, शिवपुरी।** अंतर्राष्ट्रीय सप्त ऋषि अखाड़ा परिषद द्वारा संचालित श्री हनुमंत सेना संगठन की शुरुआत की गई है जिसकी कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। कार्यकारिणी के अनुसार जितेंद्र रघुवंशी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद बालप्रभु महाराज, संगठन मंत्री हर मनोज दास महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्माचार्य सेना रामकृष्ण उपाध्याय, राष्ट्रीय महामंत्री धर्माचार्य सेना, पण्डित महेन्द्र मधुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवासेना, श्यामानन्द महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ रक्षक सेना हिन्दू महेंद्र साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौ रक्षक सेना ओम महाराज, हरियाणा प्रदेश प्रभारी राधे राधे महाराज, गुजरात प्रदेश प्रभारी महंत पंकजदास महाराज, उत्तरांखड प्रदेश प्रभारी मोहन भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश विनय पांडे को बनाया गया है अपनी नियुक्ति पर जितेंद्र रघुवंशी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी है उसका वह पूर्णता निर्माण करेंगे और संगठन को आगे बढ़ने का कार्य लगातार करते रहेंगे।

### ड्रीमलेंड सिटी में मिला युवक का शव

**जागरण मुलताई।** नगर में बैतूल रोड पर स्थित ड्रीमलैंड सिटी में शुक्रवार की रात गश्त कर रही पुलिस को एक का शव मिला है। पुलिस द्वारा युवक को नगर के सरकारी ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल ले जाया गया। उपनिरीक्षक सुनील सरियाम ने बताया शुक्रवार रात करीब पौने 4 बजे ड्रीमलैंड सिटी में गश्त कर रहे थे। इस दौरान कालोनी की मुख्य सड़क किनारे एक युवक लेटा हुआ दिखाई दिया। वहीं डिवाइडर के पास एक बाइक खड़ी दिखाई दी। उन्होंने उसे आवाज दी लेकिन युवक नहीं जागा तो पुलिसकर्मियों उसे उठाकर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शनिवार दोपहर ड्रीमलैंड सिटी कॉलोनी के व्हाट्सएप ग्रुप पर किसी ने मृत युवक की फोटो तथा मोटर साईकिल की फोटो शेयर की तो ड्रीमलैंड सिटी निवासी कमल सोलंकी ने मृत युवक की पहचान अपने छोटे साले कल कविराज पिता मुन्नाजी गढ़ेकर 29 साल निवास जंबाड़ी के रूप में कई। कमल सोलंकी ने बताया शुक्रवार रात 8 बजे कविराज उनके घर पर आया था। रात में ही वह अपने घर ग्राम जंबाड़ी जाने का का कहकर चला गया था। देर रात तक कविराज घर नहीं पहुंचा परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन वह नही मिला जिसका शव पुलिस को मिला है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### पेड़ के नीचे मिला युवक का शव

**मुलताई।** थाना क्षेत्र में हरनाखेड़ी से खतेड़ा कला कच्चे रास्ते पर बबूल के पेड़ के नीचे शुक्रवार की शाम 4 बजे एक युवक का शव मिला है। सहायक उपनिरीक्षक विजय जोठे ने बताया पुलिस को सूचना मिली कि हरनाखेड़ी से खतेड़ा कला कच्चे रास्ते पर बबूल के पेड़ के नीचे एक युवक का शव पड़ा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुचीं । ग्रामीणों से पूछताछ करने पर सामने आया की युवक का नाम शिवराम पिता दस्सर उम्र करीब 25 साल निवासी खतेड़ा कला का निवासी है। जो कि शराब पीने का आदी है।पुलिस द्वारा पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए नगर के सरकारी अस्पताल पहुचाया।

# डकैती एवं महिला से छेड़छाड़ के 3 आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

## छह घरों में चोरी की, डराने के लिए हवाई फायरिंग भी की



**जागरण, शिवपुरी।** बैराड़ थाना पुलिस ने बन्हेंराखुर्द गांव में आदिवासियों के साथ डकैती एवं महिला से छेड़छाड़ के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा, लूटा गया मोबाइल, चांदी के जेबर एवं 4900 रूपए नगदी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार बैराड़ थाना क्षेत्र में 13 अप्रैल की रात करीब 1 बजे पांच नकाबपोश हथियारबंद बदमाश गांव में घुसे। उन्होंने तीन घंटे तक छह से ज्यादा घरों में डकैती की। एक महिला से छेड़छाड़ की। लोगों को डराने के लिए हवाई फायरिंग भी की। पुलिस ने 19 अप्रैल को तीन आरोपियों को पकड़ा। जिनकी पहचान पंजाब उर्फ रॉकी यादव उम्र 21 वर्ष, परमानंद उर्फ छोटू उम्र 22 वर्ष और अंकित परिहार उम्र 20 वर्ष की गिरफ्तारी हुई। इनके पास से लूटा हुआ मोबाइल, चांदी की करधौनी और 4 हजार 900 रुपए नकद बरामद हुए। एक 315 बोर का अवैध देसी कट्टा भी मिला। मुख्य आरोपी मुलायम उर्फ सड्डे यादव और एक अन्य बदमाश अभी फरार हैं। मुलायम पर पहले से 16 गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर ने सभी आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने पहले गांव की रेकी की थी। शुरू में मामला चोरी का लगा। बाद में पुलिस की गहन जांच में डकैती और छेड़छाड़ का मामला सामने आया। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। फरार दो आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में एएसपी संजीव मुले, पोहरी एसडीओपी सुजीत सिह भदौरिया, बैराड़ थाना प्रभारी शिव सिंह यादव, उनि विनोद यादव थाना प्रभारी गोपालपुर मय टीम, उनि रविन्द्र कुशवाह थाना गोवर्धन मय टीम, उनि मुकेश दुबैलिया थाना प्रभारी सिरसोद मय टीम, उनि धर्मेन्द्र जाट सायवर सेल मय अपने स्टाफ व उनि धर्मन्द्र शिवहरे उनि सीमा धाकड़, उनि आरएस चोकोटिया, सउनि हरिओम पाण्डेय, सउनि दशरथ सिह, सउनि तेज सिह गोड, प्र.आर.जगेश सिकरवार, सुरेन्द्र भगत, हरिओम जाटव, गोविन्द सिह भदौरिया, शिरोमणि सिंह, इकबाल अहमद, आर. राजकुमार माहौर, अवधेश शर्मा, रणजीत रावत, अरूण जादौन, रामअवतार रावत, अतर सिंह रावत, दुर्गाविजय रावत, राजेन्द्र प्रसाद, लोकेन्द्र सिंह, संगम उपाध्याय, सुमित सेंगर, शोभाराम मीणा, राजेन्द्र प्रसाद, म.आर. वैशाली श्रीवास्तव, आर.चालक मनीष परिहार की सराहनीय भूमिका रही।

## तालाब में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत, दोनों को नहीं आता था तैरना



**जागरण, शिवपुरी।** खनियांधाना क्षेत्र के चमरऊआ गांव में रविवार दोपहर तालाब में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। ये हादसा दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास खनियाधाना थाना क्षेत्र में हुई।

जानकारी के अनुसार चमरऊआ गांव निवासी करण केवट पुत्र रघुवर केवट उम्र 18 वर्ष और अभिषेक केवट पुत्र विक्रम केवट उम्र 13 वर्ष गांव के कुछ अन्य युवकों के साथ नहाने के लिए तालाब गए थे। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए, जिससे वे डूबने लगे। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनों को तत्काल खनियाधाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि दोनों को तैरना नहीं आता था। पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही खनियाधाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उप डाकघर का हुआ सौंदर्यीकरण, विधायक देवेन्द्र व जिलाध्यक्ष ने किया लोकार्पण



जागरण, शिवपुरी। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर जिले के समस्त उपडाकघरों में प्रोजेक्ट एरो के अनुरूप लुक एंड फील के तहत् कार्य करवाया जा रहा है। इसी क्रम में शिवपुरी जिले के उपडाकघर कलेक्ट्रेट भवन शिवपुरी एवं व्हीआरसी शिवपुरी में सौंदर्यीकरण कार्य करवाया गया, जिसका लोकार्पण विधायक शिवपुरी देवेन्द्र कुमार जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव द्वारा शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष शिवपुरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष शिवपुरी द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत ओपी चतुर्वेदी अधीक्षक डाकघर गुना एवं रवि स्वर्णकार निरीक्षक डाकघर शिवपुरी तथा मलखानसिंह लोधी पोस्टमास्टर शिवपुरी द्वारा किया गया। ओपी चतुर्वेदी अधीक्षक डाकघर गुना द्वारा डाक विभाग की इस पहल के बारे में विस्तार बताया गया। इस दौरान हरवीर सिंह रघुवंशी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राजीव जैन जिला कार्यालय मंत्री, अजमेर सिंह यादव प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बीएमएस, शत्रुध्न सिंह तोमर जिलाध्यक्ष बीएमएस, एलडी गुप्ता से. नि. प्राचार्य, दुर्गेश रघुवंशी, पवन गुप्ता, पारस जैन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आभार बीएस कुशवाह सब पोस्टमास्टर द्वारा किया गया।

## शराब पीने रुपए न देने पर मारपीट करने वाला बदमाश गिरफ्तार




**जागरण, शिवपुरी।** करैरा थाना पुलिस ने शराब पीने के लिए रूपए न देने पर मारपीट करने वाले एक शातिर बदमाश को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार किया है।

करैरा टीआई विनोद छावई के अनुसार, 19 अप्रैल को फरियादी सुशील जैन पुत्र श्री मदनलाल जैन उम्र 36 साल निवासी बैरियल के सामने फिल्टर रोड करैरा ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने घर के बाहर खड़ा था तभी देवा उर्फ ओम परिहार नि0 गल्ला मंडी के पास करैरा का आया और मुझसे शराब पीने के लिये रुपये मांगने लगा मैंने कहा कि मेरे पास रुपये नही है इसी बात को लेकर देवा उर्फ ओम परिहार मुझे मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देने लगा मैने गाली देने से मना किया तो देवा उर्फ ओम ने मेरी थप्पडो से मारपीट कर दी जिससे मेरे दोनो गालो में व पीठ में मूदी चोटें आई मुझे बचाने मेरी मां मुन्नी देवी आयी तो देवा उर्फ ओम ने मां की डन्डा से मारपीट कर दी जिससे मां के दाहिने हाथ के अंगूठे के पास वाली अंगुली में चोट होकर खून निकल आया। जाते समय देवा उर्फ ओम परिहार हमसे कह रहा था अगर थाने में रिपोर्ट करने गये तो तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा । सो रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावें। उक्त रिपोर्ट पर आरोपी ओम परिहार के विरुध्द धारा 119(1),118(1) , 296, 115(2), 351(3) बीएनएस का कायम कर आरोपी ओम उर्फ देवा परिहार पुत्र हरीसिंह परिहार उम्र 37 साल निवासी गल्ला मंडी के पास करैरा को तत्काल गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया माननीय न्यायालय द्वारा ओरीपी को जेल भेज दिया गया । आरोपी ओम उर्फ देवा परिहार आदतन अपराधी है यह पूर्व में भी मारपीट, जुआ, लूट, चोरी के अपराध घटित कर चुका है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी0 विनोद छावई, सउनि शैलेन्द चौहान, प्रआर राजेन्द्र यादव, आर. हरेन्द्र गुर्जर, अजय गुर्जर, सुरेन्द्र रावत, राधे जादौन, सतेन्द्र सिकरवार, संदीप चौहान, सोनू श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही।

### बस स्टैंड से दो बसों से म्यूजिक सिस्टम और बैटरी चोरी

**जागरण, शिवपुरी।** अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर शनिवार रात एक चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने दो बसों से म्यूजिक सिस्टम और एक बैटरी चुरा ली। सपना ट्रेवल्स के मालिक जय सिंह रावत की बसों को निशाना बनाया गया। स्टाफ के जाने के बाद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक अन्य बस की बैटरी भी चोरी करने का प्रयास किया। रविवार सुबह बस स्टाफ को चोरी का पता चला। सीसीटीवी फुटेज की जांच में चोर कैमरे में कैद हुए। बस ऑपरेटर ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। बस स्टैंड पर रात में कोई गतिविधि नहीं होती। रात के समय बसों का आवागमन बंद रहता है। सुनसान माहौल का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

### जयस प्रदेश संयोजक ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

# खैरा गांव में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से हुई दो लोगों की मौत




**जागरण, बैतूल।**
जिले के भीमपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खैरा में वृद्ध और 10 वर्षीय बालिका की मौत के मामले को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे ने बैतूल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें दोषी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम खैरा निवासी भोगीलाल बारस्कर के चाचा हिरा बारस्कर, उम्र 65 वर्ष को 7 अप्रैल 2025 को अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। उन्हें इलाज के लिए सबसे पहले खैरा स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, लेकिन वहां स्वास्थ्य केन्द्र बंद मिला और ताले लगे थे। इसके बाद उन्हें मोहटा के उपस्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां से कर्मचारियों ने इलाज करने की बजाय उन्हें भीमपुर ले जाने की सलाह दी और एम्बुलेंस देने से भी मना कर दिया। मजबूरी में परिजन अपने साधन से उन्हें परतवाड़ा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही हिरा बारस्कर की मृत्यु हो गई।

यही नहीं, मृतक की 10 वर्षीय पोती को भी उसी दिन उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने उसका भी उपचार नहीं किया। अगली सुबह 8 अप्रैल को उसकी भी इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि ग्राम खैरा में उपस्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कर्मी कभी भी केन्द्र पर उपस्थित नहीं रहतीं।

अधिकतर समय केन्द्र में ताले लगे रहते हैं। गांव में समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पाने की वजह से ही दो मौतें हुई हैं। जयस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि दादा और पोती की मौत के लिए जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाहियों पर अंकुश लगाया जा सके।- नोटिस के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था, कौन है दो मौतों का जिम्मेदार

जयस प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे ने बताया कि ग्राम पंचायत खैरा के उपस्वास्थ्य केंद्र को लेकर कुछ दिन पहले भी ग्रामीणों ने समय पर प्राथमिक उपचार न मिलने की शिकायत की थी। ग्रामीणों का आरोप था कि केंद्र में सीएचओ और एएनएम पदस्थ होने के बावजूद अधिकतर समय ताले लगे रहते हैं और कोई स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलतीं। इस शिकायत के बाद बीएमओ डॉ. निगवाल ने दोनों स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी कर आगे कार्रवाई करने की बात कही थी। बावजूद इसके, स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ और अब लापरवाही की वजह से एक वृद्ध और उसकी पोती की जान चली गई। जयस ने इसे प्रशासन की घोर लापरवाही बताते हुए जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कुमरे ने कहा यदि कार्यवाही नही होती है तो बीएमओ को भीमपुर से हटाने की मांग कलेक्टर महोदय के सामने रखेंगे

## बाबा साहब ने सम्मान के साथ जीना सिखाया

**जागरण, बैतूल**
बाबा भीमराव अंबेडकर एक महान सामाजिक सुधारक,राजनेता और विद्वान थे। जिन्होंने भारतीय समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता का नाम भीमाबाई था।अंबेडकर जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट्रल प्रोविंसेज के एक स्कूल में प्राप्त की।

उन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उनके उत्थान के लिए काम किया।उन्होंने हिंदू कोड बिल का समर्थन किया, जिसका उद्देश्य हिंदू कानूनों में सुधार करना था। अंबेडकर जी ने भारतीय संविधान के मसौदे की समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह भारत के पहले कानून मंत्री बने और बाद में उन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया। उक्त विचार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान माला कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं बुद्धिस्ट सोसाइटी आठनेर के संयोजक मारोतीराव तायडे ने व्यक्त किए।उन्होंने कहा की डॉ अंबेडकर ने हमें सम्मान के साथ सर ऊंचा करके जीना सिखाया। लीड नवांकुर संस्था अध्यक्ष कैलाश आजाद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने भारतीय समाज को सामाजिक और आर्थिक समानता की दिशा में अग्रसर करने के लिए अपने पूरे जीवन को समर्पित किया।

## मवेशियों की प्यास बुझाने के साथ भूजल स्तर में बढ़ोतरी की पहल

**मुलताई जागरण।** प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलस्त्रोतों का संरक्षण कार्य पंचायतों में जारी है। पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित जलस्त्रोतों से जल संवर्धन हो रहा है। जनपद पंचायत मुलताई के ग्राम जाम में झर्री देव बाबा स्थल के पास ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित तालाब से बारिश के दौरान संग्रहित हुए पानी से इस भीषण गर्मी में भी ग्रामीणों को निस्तार के लिए तथा मवेशियों क8 प्यास बुझाने के लिए पानी मिल रहा है। तालाब के पास ही ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित निर्मल नीर कूप से ग्राम में पेयजल योजना के लिए जल प्रदाय किया जा जा रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच संतोष पवार ने बताया झर्री देव बाबा के पास हमेशा चोटी व भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम होते रहते हैं। लेकिन यहां पर पानी की उपलब्धता नहीं होने से कार्यक्रम अन्य जगहों पर किए जाते थे। लेकिन उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत द्वारा झर्री देव बाबा के पास जनपद पंचायत सीईओ धर्मपाल सिंह मशराम, सहायक यंत्री मरकाम, श्रुति चौरे तथा उपयंत्री तरुण कालपांडे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत के सभी पंचो के सहयोग से इस स्थल पर निस्तारित तालाब व निर्मल नीर कूप निर्माण कराया गया। जिससे ग्रामीणों को तालाब से निस्तार व मवेशियों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है। वहीं निर्मल नीर कूप से ग्रामीणों को पेयजल मिल रहा है। जबकि देव स्थल पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए वर्ष भर जल उपलब्ध है।

## डॉ. गोहे की अगुवाई में एसआईएफ बैतूल टीम पहुंची दिल्ली

**बैतूल जागरण।** नई दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को पुरुषों के अधिकारों और पारिवारिक संतुलन की मांग को लेकर आयोजित 'पुरुष सत्याग्रह आंदोलन ने इतिहास रच दिया। सेव फैमिली फाऊंडेशन के तत्वावधान में और सेव इंडियन फैमिली मूवमेंट से जुड़ी 40 से अधिक संगठनों की भागीदारी में यह अब तक का सबसे बड़ा पुरुष-समर्थक आंदोलन बना। इस ऐतिहासिक सत्याग्रह में देशभर से हज़ारों पुरुषों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों ने एकत्र होकर समाज में पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक शांति, जेंडर न्यूट्रल कानूनों और पुरुष आयोग की मांग को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की।बैतूल जिले से एसआईएफ बैतूल टीम ने इस आंदोलन में विशेष भागीदारी निभाई। टीम के संस्थापक डॉ. संदीप गोहे के नेतृत्व में बैतूल से एक सशक्त टोली दिल्ली पहुंची और मंच से पुरुषों की पीड़ा और मौन दर्द को समाज के सामने रखने का प्रयास किया। मंच से संबोधित करते हुए डॉ. संदीप गोहे ने पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या जैसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश में पुरुषों की मानसिक पीड़ा को अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। वह लगातार कानूनी, पारिवारिक और सामाजिक दबावों से गुजर रहे हैं, जिनकी वजह से वे अवसाद और आत्महत्या की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से पुरुषों की समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ठोस कदम उठाने की अपील की।इस आंदोलन में बैतूल से भाग लेने वालों में डॉ. संदीप गोहे के साथ चंद्रप्रकाश झारे, डॉ. जावेद खान, डॉ. किशोर पांडोले, राजेश उपराले, विजय साहू, मुकेश झारखंडे, हरिप्रसाद पिपले, शंकर मालवीय, रूपेश पवार और कचेश्वर गुर्जर शामिल रहे। इन सभी ने मिलकर बैतूल की दमदार उपस्थिति दर्ज करवाई और आंदोलन को सशक्त बनाया।आंदोलन के दौरान पुरुषों के समर्थन में चार प्रमुख मांगे भी रखी गईं। देश में राष्ट्रीय पुरुष आयोग का गठन, जेंडर न्यूट्रल कानूनों में संतुलन और उनके दुरुपयोग की रोकथाम, पति-पत्नी जैसे शब्दों की जगह सहभागी या संपूर्णक जैसे समावेशी शब्दों का प्रयोग और संयुक्त अभिभावकता को सुनिश्चित करने हेतु समुचित कानूनों की स्थापना।

## आयुष पोषण शिविर लगा

**बैतूल जागरण।** पोषण पखवाड़ा के अवसर पर जिले में आयुष विभाग और महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आयुष पोषण शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें पोषण और आयुर्वेद के बीच के गहरे संबंध पर प्रकाश डाला गया।पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में आयोजित आयुष पोषण शिविरों का सफल संचालन आयुष विभाग के विभिन्न नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में किया गया। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में नियुक्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों ने अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। बैतूल ब्लॉक में डॉ. निधि मालवीय, आमला में डॉ. वर्षा उइके मौजूद रहे।

